Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to maintain ponds for water storage and protect crops of farmers from stray cattles.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे किसानों की एक-दो ज्वलंत समस्याओं के बारे में बोलने का मौका दिया । मैं गांव और किसान की बात करना चाहूंगा । यह बहुत ही ज्वलंत समस्या है । सबसे बड़ी समस्या है, आज पूरे राजस्थान में जो तालाब को ग्राम पंचायत को हैंडओवर कर दिया है, ग्राम पंचायत कह रही है कि हमारे पास फंड नहीं है इसलिए तलाबों में पानी नहीं जा रहा है । पानी के सारे आवक अवरुद्ध हो गए हैं । अभी सीकर के एमपी साहब कह रहे थे कि भयंकर बारिश हुई । इससे भी गई गुना ज्यादा बारिश होती थी । परंतु दुर्भाग्य है कि प्रकृति से इतनी छेड़खानी कर दी गई, इसलिए अब पानी के आवक के सारे रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं इस वजह से बाढ़ आ रही है । आज तालाबों की रखरखाव हो जाए तो किसान के लिए बहुत बड़ा वरदान साबित हो जागा ।

किसानों की सबसे बड़ी समस्या लवारिस पशु और जंगली पशु है । वह किसान की फसल को बर्बाद कर रहा है । चाहे गर्मी हो, चाहे वर्षा या चाहे सर्दी हो, किसान को रात को पहरा देना पड़ता है । पशु उनकी फसल को पशु चौपट कर देते हैं ।

मेरा आपके माध्यम से जलशक्ति मंत्री और किसान कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि चारागाह भूमि पर अभायरण्य बनाया जाए और पशुओं का बंदोबस्त किया जाए ताकि किसान की खेती बर्बाद न हो ।

माननीय अध्यक्ष : भागीरथ चौधरी जी, यह काम राज्य सरकार करेगी, सीधे केंद्र सरकार नहीं करेगी ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मेरा आपसे आग्रह है कि शून्यकाल एक महत्वपूर्ण समय है । इसमें अति महत्वपूर्ण विषय उठाए जाते हैं । मेरा आप सभी से आग्रह है कि कोशिश यह करें कि केंद्र सरकार से संबंधित विषय को उठाएं । राज्य सरकार का विषय ऐसा हो जो थोड़ा केंद्र से संबंधित हो, उसको निश्चित रूप से उठाएं । अविलम्ब महत्व के मुद्दे शून्काल में उठाए जाते हैं जो आज घटना घटित हो ।

श्री जगदम्बिका पाल: अध्यक्ष महोदय, शून्यकाल में केवल एक विषय होना चाहिए ।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है ।